No. of Printed Pages : 8 **MEC–109**

# MASTER'S DEGREE IN ECONOMICS

# (MEC)

## Term-End Examination

## December, 2024

### MEC–109 : RESEARCH METHODS IN ECONOMICS

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Attempt questions from each Section as per instructions given.*

---

### Section—A

***Note :*** *Answer any **two** questions from this Section in about **700** words each.* *2×20=40*

1. Distinguish between Hierarchal and Non-hierarchal methods of clustering. Explain the criteria for choosing them for a specific research problem.

2. State the difference between Research Methods and Research Methodology. Explain the various steps involved in formulation of a research proposal.

3. Explain the National Family Health Survey (NFHS) as a database for public health. Discuss how this database is useful for researchers.

4. Give a comparative overview of the verification and falsification. Comment on Popperian view of Versimilitude.

## Section—B

***Note :*** *Answer any **five** questions from this Section in about **400** words each.* *12×5=60*

5. How do characteristics of Action Research make it a powerful tool for change at local level for the disadvantaged groups ?

6. Discuss how correspondence analysis is useful for analysing associations ? Does it apply for categorical variables.

7. Evaluate Nominal, Ordinal, Ratio and Interval scale variables on a set of common parameters and discuss which measure of central tendency is applicable to their analysis.

8. What is Composite Index ? How should one deal with missing values while generating a Composite Index ?

9. Distinguish between a Semi-log model and Log-linear model of regression. Discuss their applications in research.

10. What is mixed methods research ? Illustrate with example.

11. Distinguish between any *three* of the following :

    (a) Primary and Secondary data

    (b) Population Census and Economic Census

(c) Research Techniques and Research Tools

(d) Measured variable and Latent variable

(e) Inclusion and Exclusion of variables and their linkage with Adjusted-$R^2$

12. Discuss how canonical correlation analysis helps to analyze interdisciplinary constructs using a simple example.

# MEC–109

## कला निष्णात

## ( अर्थशास्त्र ) ( एम. ई. सी. )

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2024

## एम.ई.सी.-109 : अर्थशास्त्र में अनुसंधान विधियाँ

समय : 3 घण्टे अधिकतम अंक : 100

***नोट :*** *प्रत्येक भाग में से प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार दीजिए।*

### भाग–क

***नोट :*** *इस भाग में से किन्हीं* ***दो*** *प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक) लगभग* ***700*** *शब्दों में दीजिए।* *2×20=40*

1. संगुच्छीकरण की सोपानिक और गैर–सोपानिक विधियों के बीच अन्तर कीजिए। किसी विशिष्ट शोध समस्या के लिए उन्हें चुनने के मानदंडों की व्याख्या कीजिए।

2. शोध विधियों और शोध प्रविधि में अन्तर बताइए। शोध प्रस्ताव तैयार करने में शामिल विभिन्न चरणों की व्याख्या कीजिए।

3. सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए आँकड़ों के आधार के रूप में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS) की व्याख्या कीजिए। चर्चा कीजिए कि ये आँकड़े शोधकर्ताओं के लिए किस प्रकार उपयोगी हैं।

4. जाँच और मिथ्याकरण का तुलनात्मक अध्ययन दीजिए। पॉपर के सत्याभासी के दर्शन पर टिप्पणी कीजिए।

## भाग–ख

***नोट :*** *इस भाग में से किन्हीं* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक) लगभग* ***400*** *शब्दों में दीजिए।* *12×5=60*

5. किस प्रकार क्रियात्मक शोध की विशेषताएँ इसे वंचित समूहों के लिए स्थानीय स्तर पर परिवर्तन का एक सशक्त साधन बनाती हैं ?

6. चर्चा कीजिए कि किस प्रकार सहगामिता विश्लेषण, सम्बन्ध के विश्लेषण के लिए उपयोगी है। क्या यह वर्गात्मक चरों के लिए लागू होता है ?

7. सामान्य मापदंडों के एक समूह पर नाममात्र, क्रमवाचन, अनुपात और अन्तराल पैमाने के चरों का मूल्यांकन कीजिए तथा चर्चा कीजिए कि उनके विश्लेषण में केन्द्रीय प्रवृत्ति के कौन-से माप लागू होते हैं।

8. संयुक्त सूचकांक क्या है ? एक संयुक्त सूचकांक की रचना करते समय विलुप्त मानों की समस्या से कैसे निपटा जाता है ?

9. प्रतीपगमन के अर्ध-लघु मॉडल और लॉग-रेखीय मॉडल के बीच अन्तर कीजिए। शोध में उनके अनुप्रयोगों की चर्चा कीजिए।

10. मिश्रित विधि शोध क्या है ? उदाहरण के साथ निरूपित कीजिए।

11. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए :

(क) प्राथमिक एवं द्वितीयक आँकड़े

(ख) जनसंख्या जनगणना और आर्थिक जनगणना

(ग) शोध तकनीक और शोध संयन्त्र

(घ) मापित चर और प्रच्छन्न चर

(ङ) चरों का अंतर्वेशन और अपवर्जन तथा समायोजित-$R^2$ से उनका सम्बन्ध

12. एक साधारण उदाहरण का उपयोग करते हुए चर्चा कीजिए कि विहित सहसम्बन्ध विश्लेषण अन्त:अनुशासन के निर्भितियों को विश्लेषित करने में कैसे सहायता करता है ?

× × × × × × ×